प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

''आज के मुख्य समाचार''

- सरकार ने ग्रुप सी और ग्रुप डी के कर्मचारियों के सामान्य तबादलों पर लगी रोक हटाई, 31 मार्च 2026 तक के लिए जारी रहेगी छूट।
- प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा मकर संक्रान्ति का पर्व, तत्तापानी सहित धार्मिक स्थलों पर लोग लगा रहे आस्था की डुबकी।
- आम जनता को सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध करवाने के लिए रिजनल कनैक्टीविटी सिस्टम के तहत आज से प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में शुरू होगी हैली टैक्सी सेवा।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से कर सकते हैं मुलाकात।
- प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी, कल से करवट बदलेगा मौसम, पहाड़ों पर बर्फबारी संभव।

अब समाचार विस्तार से..

तबादले

राज्य सरकार ने हजारों कर्मचारियों को राहत देते हुए ग्रुप–सी और ग्रुप डी कर्मचारियों के सामान्य तबादलों पर लगी रोक को हटा दिया है। यह छूट 31 मार्च 2026 तक के लिए प्रदान की गई है। हालांकि यह निर्णय शिक्षा, एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के शिक्षण संवर्ग पर लागू नहीं होगा। कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत अब संबंधित विभागों के मंत्री अपने अपने विभागों में तबादलों को मंजूरी दे सकेंगे। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेशों के तहत सामान्य तौर पर उसी कर्मचारी का तबादला किया जा सकेगा जिसने वर्तमान तैनाती स्थल पर तीन वर्ष का सामान्य कार्यकाल पूर कर लिया हो। सरकार ने सीमा तय करते हुए कहा है कि किसी भी विभाग में तबादले काडर की कुल संख्या की तीन फीसदी से अधिक नहीं होंगे।

मकर संक्रांति

प्रदेश भर में आज मकर संक्राति का पर्व श्रद्धा भाव व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश भर में आज लोग स्थानीय मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर पूजा–अर्चना और पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। .मंडी जिला के धर्मपुर, बल्ह, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, पधर, करसोग और बालीचौकी उपमंडलों में मकर संक्रांति के अवसर पर आज स्थानीय अवकाश रहेगा। इन उपमंडलों में सभी सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे।

इधर शिमला जिला की सीमा पर स्थित धार्मिक स्थल तत्तापानी में तीन दिनों तक मनाया जाने वाला जिला स्तरीय मकर संक्राति लोहड़ी मेला बीते कल से शुरू हो गया है। तत्तापानी में मनाए जाने वाला यह मेला धार्मिक आस्था और विश्वास से जुड़ा हुआ है और यहां पर लोहड़ी और मकर संक्रांति के मौके पर स्नान करना शुभ माना जाता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। अपने दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर सकतें है। इस दौरान वह केंद्र के समक्ष विशेष वित्तीय सहायता पैकेज के साथ साथ मौजूदा ऋण सीमा में बढोतरी करने की मांग करेंगे।

नशा निवारण

कुल्लू जिला में नशे को जड़ से खत्म करने की मुहिम धीरे.धीरे रंग ला रही है जिसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का असर अब दिखने लगा है। जिला पुलिस द्वारा जगह–जगह गश्त के दौरान वाहनों व लोगों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

*वहीं समय–समय पर जागरूकता शिविरों का आयोजन कर नशे के दुष्प्रभावों बारे भी आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा नशे को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार अभियान भी जारी हैं। पुलिस द्वारा हर साल जिला के दूरदराज के इलाको में अभियान चलाकर भांग की खेती को नष्ट किया जा रहा है। पुलिस भांग की खेती को नष्ट करने में वन विभाग स्थानीय पंचायत के साथ–साथ महिला व युवक मंडलों का भी सहयोग ले रही है। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि नशे के इस कारोबार को यदि खत्म करना है तो आम जनमानस का सहयोग भी बेहद जरूरी है तथा जनता से आग्रह किया है कि नशे के कारोबार की सूचना दें ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके स वर्ष 2025 में कुल्लू पुलिस ने चरस माफिया पर शिकंजा कसते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 227 मामले दर्ज किए जिसमे चरस के 100 मामलो में 53 किलोग्राम से अधिक चरस, डेढ़ किलो से अधिक चिट्टा जब्त किया गया स वही नशे के कारोबार में संलिप्त 241 लोगो को गिरफ्तार किया गया है जिनमे 227 पुरूष, 12 महिलाएं तथा दो विदेशी शामिल है।*

उड़ान सेवा

आम जनता के लिए हवाई यात्रा सस्ती बनाने और दूरदराज क्षेत्रों में हवाई कनैक्टीविटी प्रदान करने के उददेश्य से भारत सरकार की प्रमुख योजना रिजनल कनैक्टीविटी सिस्टम के तहत आज से प्रदेश में दूरदराज क्षेत्रों के लिए हैली टैक्सी सेवा शुरू की जा रही है। इसके तहत शिमला–रामपुर–रिकांगपिओ और शिमला–कुल्लू हवाई रूट पर हैली टैक्सी सेवा आज से शुरू होगी। ये जानकारी देते हुए उपायुक्त किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने बताया कि हैली टैक्सी सेवा शुरू होने से किन्नौर जिला में हवाई कनैक्टीविटी की सुविधा विशेषतौर पर इमरजेंसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

हिमकेयर कार्ड

प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत सभी कामगारों को अब हिमकेयर कार्ड योजना का लाभ मिलेगा। कल प्रदेश सचिवालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये कामगार, समाज का अभिन्न अंग हैं और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने कामगारों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने के लिए बोर्ड को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कामगारों को लाभ प्रदान करने के लिए अभी तक लगभग 500 करोड़ रुपये व्यय किये जा चुके हैं।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मानसून सीजन के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के कारण ग्रामीण संपर्क व एंबुलेंस सड़कों को हुई क्षति को ध्यान में रखते हुए इन संपर्क मार्गों को चरणबद्ध तरीके से लोक निर्माण विभाग के तहत लाया जाएगा ताकि लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सके। ये बात विधानसभा अध्यक्ष ने कल भटियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैली में एक जनसभा में कही।

मौसम

प्रदेश भर में न्यूनतम तापमान में आ रही गिरावट से शीतलहर का प्रकोप जारी है और राज्य के 18 से अधिक स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा के अनुसार आज मौसम शुष्क बना रहेगा जबकि कल 15 जनवरी की रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे 3 दिनों तक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है।

इधर जनजातीय जिला किन्नौर में कड़ाके की ठंड के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऊँचाई वाले क्षेत्रों में तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है जिससे पेयजल और सिंचाई व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को पानी की आपूर्ति बनाए रखने में कई तरह की तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण ने शिक्षकों को छोड़ तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के तबादलों की रोक हटी शीर्षक से लिखा है तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके सभी कर्मियों को मिलेगी राहत। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं बैन हटा, अब मंत्री कर सकेंगे तबादले।

अमर उजाला के अनुसार अर्की अग्निकांड के दूसरे दिन 9 और अवशेष मिले, भवन मालिक पर केस।

नशे पर चोट करने के लिए चिटटे के दुष्प्रभावों पर स्कूलों के पाठयक्रम में शामिल होगा एक अध्याय दैनिक भास्कर की एक खबर है।

''अंत में मुख्य समाचार

- सरकार ने ग्रुप सी और ग्रुप डी के कर्मचारियों के सामान्य तबादलों पर लगी रोक हटाई, 31 मार्च 2026 तक के लिए जारी रहेगी छूट।
- प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा मकर संक्रान्ति का पर्व, तत्तापानी सहित धार्मिक स्थलों पर लोग लगा रहे आस्था की डुबकी।
- आम जनता को सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध करवाने के लिए रिजनल कनैक्टीविटी सिस्टम के तहत आज से प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में शुरू होगी हैली टैक्सी सेवा।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त मंत्री सीता रमण सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से कर सकते हैं मुलाकात।
- प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी, कल से करवट बदलेगा मौसम, पहाड़ों पर बर्फबारी संभव।